हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 14 जून 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री


11 सांकरा के जिस तालाब में डूबने से हो चुकी हैं तीन मौतें...





12 शहर के तालाबों को मिलेगा नया स्वरूप, सरोवर योजना से...





Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड
एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### गंगरेल बांध में आज साइकिल रेस प्रतियोगिता

**धमतरी।** जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गंगरेल बांध में आज 14 जून को साइकिल रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की शुरुआत सुबह 6 बजे गंगरेल बांध परिसर से होगी। यह आयोजन जय मां कामाख्या जन कल्याण सेवा समिति द्वारा समाजसेवी खूबलाल ध्रुव के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजन को लेकर युवाओं और खेल प्रेमियों में उत्साह है। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपये तथा पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 50 हजार रुपये निर्धारित है। इसके अलावा अन्य विजेताओं को भी आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार जिले सहित प्रदेश के कई क्षेत्र से प्रतिभागियों के पहुंचने की संभावना है। खूबलाल ध्रुव ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को स्वास्थ्य और अनुशासन के प्रति जागरूक बनाती हैं।

### निषाद समाज की तिमाही बैठक स्थगित

**धमतरी।** छग निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की तिमाही बैठक 14 जून को सुबह 11 बजे श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण सामाजिक निषाद भवन देवपुर में रखी गई थी जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है।

### कोर्रा में आज महामैराथन दौड़

**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेंनिंग अकादमी कोर्रा में आज रविवार को महामैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। पुरुष एवं महिला वर्ग दोनों में इनाम दिया जाएगा। यह जानकारी अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू ने दी है।

### कबीर जयंती समारोह 21 को बगौद में

**अंवरी।** सामुदायिक भवन भाटापारा ग्राम बगौद में 21 जून को दोपहर 1 बजे से सद्गुरु कबीर जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य वक्ता संत समेन दास कबीर आश्रम नयापारा राजिम होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में पंडित शंकर दादा, बसंत ध्रुव, हेमलाल साहू, रामलाल साहू, मोतीलाल साहू, माधव साहू, छबिलाल साहू, भुनेश्वर साहू, डॉ. देवचरण साहू, समारू सिन्हा, महेश कुर्रे, अर्जुन पटेल जुटे हैं।

# भवन निर्माण सामग्री की बढ़ी कीमत से उड़ी घर बनाने वालों की नींद

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी


रेत खदानों के बंद होने से पहले ही रेत के दाम आसमान छूने लगे हैं। माइनिंग की कार्रवाई के बीच रेत सप्लायर चोरी छिपे रेत निकाल रहे हैं। इस कारण दाम काफी बढ़े हुए हैं। प्लास्टर रेत खोजने से भी नहीं मिल रही है।

रेत और गिट्टी की कीमत ने भवन निर्माताओं की नींद उड़ा दी है। दोनों सामग्री की कीमत आसमान छू रही है। प्लास्टर रेत तो तीन गुना ज्यादा दाम में बिक रही है। मीडियम रेत के दाम डेढ़ गुना हो गए हैं। ऐसे में भवन निर्माताओं का बजट बिगड़ गया है।

## रेत, गिट्टी के दाम बढ़ने से भवन निर्माताओं का बजट बिगड़ा

### नहीं मिल रही प्लास्टर रेत

प्लास्टर रेत की खूब डिमांड आ रही है, लेकिन खदानों में प्लास्टर रेत नहीं मिल रही है। खरेंगा में तो प्लास्टर रेत के नाम पर श्मशान घाट को ही खोद डाला गया। ग्रामीणों के आक्रोश के बाद खनिज विभाग ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इसके बाद तो प्लास्टर रेत के दाम काफी बढ़ गए हैं। कुछ खदानों से प्लास्टर रेत निकल रही है, लेकिन इसके लिए सप्लायर प्रति ट्रैक्टर 3000-35000 रुपए ले रहे हैं।



### गिट्टी भी हुआ महंगा

पिछले साल गिट्टी की कीमत 35 रुपए प्रति वर्गफीट तक पहुंच गई थी। आउट सीजन में थोड़ी राहत मिली थी। गिट्टी 32-33 रुपए तक आ रहा था। अब फिर से दाम 35 रुपए तक पहुंच गए हैं। दाम के और बढ़ने की आशंका है। बारिश का मौसम सिर पर है। ऐसे में ईंट निर्माण भट्ठे भी ठंडे हो गए हैं। ईंटों के दाम भी बढ़ गए हैं।

उधर पीएम आवास योजना के तहत भवन निर्माण जल्द करने के लिए दबाव है, जिसके चलते चाहकर भी भवन निर्माता काम को रोक नहीं पा रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी रेत को लेकर हो रही है।

महानदी के किनारे बसे होने के बाद भी धमतरीवासियों को काफी महंगे में रेत लेना पड़ रहा है। खदानों में 10 जून से प्रतिबंध लगा दिया है। उत्खनन और परिवहन पर लगातार खनिज विभाग की कार्रवाई जारी है। कार्रवाई के डर से कई ट्रैक्टर संचालक काम बंद करके चुप बैठ गए हैं। जो चोरी छिपे निकाल रहे हैं, वे रेत को अधिक दाम में बेच रहे हैं।

कथित गौमांस मामले के बाद प्रशासन सख्त, पुलिस बल की मौजूदगी में चला अभियान

# गाड़ा बस्ती में निगम की कार्रवाई पर मचा हंगामा समझाइश के बाद खुद अतिक्रमण हटाने पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शहर के सल्हेवारपारा स्थित गाड़ा बस्ती में शनिवार को नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई के दौरान माहौल तनावपूर्ण रहा। कथित गौमांस की बरामदगी के बाद निगम की टीम बुलडोजर और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी। कार्रवाई का विरोध होने पर कुछ समय के लिए स्थिति गरमा गई, जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करना पड़ा। बाद में प्रशासनिक समझाइश के बाद संबंधित पक्ष स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए तैयार हो गया।

जानकारी के अनुसार नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ गाड़ा बस्ती पहुंची और संबंधित निर्माण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ करने का प्रयास किया। इस दौरान स्थानीय लोगों तोड़फोड़ का विरोध किया। अधिकारियों द्वारा लगातार लोगों को


⏩ शेष पेज 11 पर






### आरोपी गिरफ्तार

पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक संतराम बघेल उम्र 43 वर्ष की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपी के विरूद्ध धारा 299, 325, बीएनएस एवं छग कृषि पशु परिरक्षण अधि. 2004 की धारा 4, 5 एवं 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है।

### बस्तीवासियों ने दी अपनी सफाई

घटनास्थल पर मौजूद बस्तीवासियों संदीप नागेश, मुकेश, आकाश, सरस्वती, सुनीता, स्वाति, राधा सहित अन्य लोगों ने कहा कि क्षेत्र में गौ हत्या नहीं की जाती और न ही गौमांस का विक्रय होता है। उनका कहना था कि उनके समुदाय में मृत पशुओं की खाल निकालकर पारंपरिक वाद्य यंत्र बनाने की परंपरा है तथा मांस को जमीन में दफना दिया जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना वाले दिन भी यही प्रक्रिया चल रही थी, तभी कुछ संगठनों के लोग पहुंच गए और मामला अलग रूप में सामने आ गया। बस्तीवासियों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि भविष्य में इस प्रकार का कार्य भी वहां नहीं किया जाएगा।

### 86 किलो कथित गौमांस मिलने के बाद बढ़ी सख्ती

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को गाड़ा बस्ती क्षेत्र से करीब 86 किलोग्राम कथित गौमांस बरामद होने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद हिंदू जागरण मंच ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और अवैध निर्माण हटाने की मांग की थी। मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। सूत्रों के मुताबिक मुख्य आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### मामले में पुलिस जांच तेज

शहर के साल्हेवारपारा क्षेत्र में एक मकान में जानवर का मांस काटे जाने की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके से मांस, कटा हुआ पैर तथा मांस काटने में उपयोग किए गए हथियार बरामद किए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी वहां से फरार हो चुका था। पुलिस ने बरामद मांस को जांच के लिए बाहर भेज दिया है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वह किस जानवर का है। मामले में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एएसपी पांडे ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ में आरोपी का नाम संतराम बघेल सामने आया है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर साइबर ठगी का प्रयास

- मोबाइलधारक को मैसेज भेज कर उनके खाते में एक लाख रुपये जमा होने का कर रहे दावा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) 2.0 के नाम पर साइबर ठगी का नया मामला सामने आया है। शहर के एक मोबाइल धारक को मैसेज भेजकर उनके खाते में योजना की पहली किस्त के रूप में एक लाख रुपये जमा होने का दावा किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित व्यक्ति के मोबाइल पर एक मैसेज आया, जिसमें लिखा था कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत मकान निर्माण के लिए उनके बैंक खाते में एक लाख रुपये की राशि जमा की गई है। साथ ही यह भी कहा गया कि राशि का उपयोग केवल मकान निर्माण कार्य में किया जाए। मैसेज में एक फोन नंबर भी दिया गया था, जिस पर संपर्क करने को कहा गया था।

मैसेज मिलने के बाद संबंधित व्यक्ति बैंक पहुंचा और खाते की जांच कराई। बैंक में पता चला कि खाते में किसी प्रकार की कोई राशि जमा नहीं हुई है। इसके बाद जब मैसेज में दिए गए नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो कॉल रिसीव नहीं हुआ। लगातार प्रयास के बाद भी जवाब नहीं मिलने पर व्यक्ति को साइबर ठगी की आशंका हुई।

पीड़ित ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए किसी प्रकार का आवेदन भी नहीं किया था। ऐसे में उन्हें संदेह हुआ कि यह लोगों को झांसे में लेकर बैंक संबंधी जानकारी हासिल करने का प्रयास हो सकता है।

साइबर विशेषज्ञों के अनुसार सरकारी योजनाओं की राशि केवल आधिकारिक प्रक्रिया के बाद ही खातों में जमा होती है। सरकार या बैंक कभी भी फोन, मैसेज या लिंक के माध्यम से ओटीपी, यूपीआई पिन या बैंक डिटेल नहीं मांगते। पुलिस और साइबर सेल ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक या मैसेज पर क्लिक न करें। साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

# सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**धमतरी।** पारिवारिक काम से जा रहा बाइक सवार अधेड़ को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। गंभीर चोट लगने से अधेड़ की मौत हो गई।



- अमलीडीह मोड़ की घटना

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम रींवागहन निवासी अनिल विश्वकर्मा पिता भारत उम्र 53 वर्ष शुक्रवार की दोपहर अपनी बाइक क्रमांक सीजी 23 पी 3149 से पारिवारिक काम के सिलसिले में ग्राम कुर्रा जा रहा था। इसी दौरान अमलीडीह मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी। इस घटना में अधेड़ बाइक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। संजीवनी 108 एम्बुलेंस से घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।


मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल

# दो-तीन दिन में मानसून का छत्तीसगढ़ प्रवेश संभव

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

इस साल दक्षिण पश्चिम मानसून अपने निधारित समय से पीछे चल रहा है। छततीसगढ़ के दक्षिण में मानसून प्रवेश करने का तय समय 12 जून को माना जाता है लेकिन दक्षिण छग में मानसून के आगमन में 2 से 3 दिन का और समय है। हालांकि जिले में भी मानसून गतिविधि जारी है। शाम होते ही तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं पर बारिश की खबर है।

मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर ने बुलेटिन जारी कर कहा है कि अगले 2 से 3 दिन में दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून आगमन के लिए परिस्थिति अनुकूल है। समुद्र तल पर मौसमी द्रोणिका अब राजस्थान से सटे मध्य पाकिस्तान के उपर बने चक्रवाती परिसंचरण से राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, झारखंड और गंगीय पश्चिम बंगाल से होते हुए बंग्लादेश तक समुद्र तल से 0.9 किमी की उंचाई तक फैली हुई है।



### रविवार के लिए चेतावनी जारी

मौसम विज्ञान केन्द्र ने रविवार के लिए जारी चेतावनी में कहा है कि प्रदेश के एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने तथा 40 से 50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

### तापमान में आई गिरावट

जिले में प्री मानसूनी गतिविधि के बीच तापमान में गिरावट आई है। नौतपा के दौरान जिले में अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया था। प्री मानसूनी मौसम के बीच तापमान में करीब 5 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

नगर निगम में दी जाएगी योजनाओं की जानकारी

# स्ट्रीट वेंडरों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने मनेगा स्वनिधि महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

स्ट्रीट वेंडरों को आर्थिक रूप से मजबूती देने के लिए नगर निगम द्वारा स्वनिधि महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्ट्रीट वेंडरों को 15 से 50 हजार रुपए तक लोन देने लिए फार्म भराया जाएगा। यही नहीं कई योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा।





भारत सरकार के आवासीय एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर नगर निगम में 17 जून को सुबह 11 से 4 बजे तक स्वनिधि महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों को बैंक से ऋण देना है। इसके अतिरिक्त महोत्सव में श्रम विभाग ओर महिला एवं बाल विकास के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। पात्र हितग्राहियों को इन विभागों की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

### डिजिटल लेन-देन पर जोर

शहर में 3 हजार से ज्यादा स्ट्रीट वेंडर हैं। इनमें से अधिकांश स्ट्रीट वेंडर इस स्वनिधि योजना से दूर हैं। महोत्सव का उद्देश्य शहरी स्ट्रीट वेंडरों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वित्तीय समावेशन, डिजिटल सशक्तिकरण तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान पात्र स्ट्रीट वेंडरों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत ऋण सुविधा, डिजिटल लेन-देन, बैंकिंग सेवाओं तथा अन्य शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ दिया जाएगा।

### आसानी से मिलता है ऋण

स्वनिधि योजना के तहत पहली बार में स्ट्रीट वेंडर को 15 हजार रुपए का ऋण दिया जाता है। इस ऋण के पटने के बाद वह 25 हजार तक ऋण सकता है। दूसरा ऋण पटने के बाद वह 50 हजार रूपए के ऋण के लिए पात्र हो जाता है। महोत्सव में इसकी जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त हितग्राहियों के लिए आवेदन, दस्तावेज सत्यापन, बैंकिंग परामर्श, डिजिटल भुगतान संबंधी जानकारी तथा विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्र के समस्त पात्र पथ विक्रेताओं, फुटपाथ व्यवसायियों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक भाग ले सकते हैं।

# फसल विविधीकरण से बदलेगी तस्वीर

- किसानों को मिलेगा 15 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन

**धमतरी।** प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में राज्य शासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मंत्रिपरिषद द्वारा खरीफ वर्ष 2026 से कृषक उन्नति योजना के नवीन स्वरूप को मंजूरी दी गई है। अब धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास जैसी वैकल्पिक खरीफ फसलों की खेती करने वाले किसानों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़ आदान सहायता प्रदान की जाएगी। पहले यह सहायता राशि 10 हजार रुपये प्रति एकड़ थी। प्रदेश में लंबे समय से धान आधारित खेती प्रमुख रही है, लेकिन बदलती जलवायु परिस्थितियों, भूजल संरक्षण की आवश्यकता और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना समय की मांग बन गया है। नई व्यवस्था किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ बाजार की मांग के अनुरूप अन्य लाभकारी फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

धमतरी जिले में इस योजना के सकारात्मक परिणाम पहले ही देखने को मिले हैं। खरीफ वर्ष 2025-26 के दौरान योजना के तहत अन्य फसलें लेने वाले 1,402 किसानों को 229.69 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 56.82 लाख रुपये से अधिक की आदान सहायता राशि प्रदान की गई। इससे किसानों का रुझान वैकल्पिक फसलों की ओर बढ़ा है और उनकी कृषि आय में भी सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया है।

### कृषि व्यवस्था होगी मजबूत

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि दलहन एवं तिलहन जैसी फसलें भूमि की उर्वरता बनाए रखने में सहायक होती हैं। साथ ही इन फसलों में पानी की आवश्यकता अपेक्षाकृत कम होने से जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। इससे उत्पादन लागत घटने के साथ किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त होंगे और कृषि व्यवस्था अधिक टिकाऊ बन सकेगी।

# जेजेएम से ग्रामीण जीवन में आया सकारात्मक परिवर्तन

## मरादेव के जल अर्पण दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए अतिरिक्त सचिव कमलकिशोर सोन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं जल जीवन मिशन के मिशन संचालक कमलकिशोर सोन धमतरी जिले के ग्राम पंचायत मरादेव के आश्रित ग्राम मरादेव में आयोजित जल जीवन मिशन के जल अर्पण दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, छत्तीसगढ़ जल जीवन मिशन के मिशन संचालक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता सुश्री आशालता गुप्ता समेत विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अतिरिक्त सचिव कमल किशोर सोन ने कहा कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल पहुंचाना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य केवल नल कनेक्शन प्रदान करना नहीं, बल्कि जल की गुणवत्ता, नियमित आपूर्ति और स्रोतों की स्थिरता सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन की शपथ भी दिलाई। सरपंच, जल वाहिनी और पम्प ऑपरेटरों को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया।




### ऑनलाइन जलकर संग्रहण की व्यवस्था

कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों एवं हर घर जल अभियान की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रदाय योजनाओं के सफल संचालन के लिए ग्राम स्तर पर सहभागितापूर्ण व्यवस्था विकसित की गई है। ग्रामीणों द्वारा नियमित रूप से जलकर का भुगतान किया जा रहा है तथा जल प्रदाय व्यवस्था के संचालन के लिए पंप ऑपरेटर भी नियुक्त किए गए हैं। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन जलकर संग्रहण की व्यवस्था भी संचालित की जा रही है। सिर्री समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से 86 गांवों में सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

### अब महिलाओं को भटकना नहीं पड़ रहा

मरादेव की सरपंच श्रीमती शीला महेश सविता ने कहा कि जल जीवन मिशन से गांव की तस्वीर बदल गई है। पहले महिलाओं को दूर-दूर तक पानी लाने जाना पड़ता था, जबकि अब घर-घर नल से शुद्ध पानी उपलब्ध हो रहा है। इससे समय की बचत हुई है और परिवार की देखभाल के लिए अधिक समय मिल पा रहा है। दरभा सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने बताया कि नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने से ग्रामीणों के स्वास्थ्य में सुधार आया है तथा जलजनित बीमारियों में कमी देखने को मिली है।

## खबर संक्षेप

### पहले गैस के दाम बढ़ाए फिर सब्सिडी घटाई : तारक



**अंवरी।** मछुआ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सेवकराम तारक ने कहा कि 12 वर्षों की गरीब विरोधी आर्थिक नीतियों और समझौते वाली विदेश नीतियों ने आज देश को ऐसे हालात में खड़ा कर दिया है जहां लाखों गरीब परिवारों और महिलाओं को लकड़ी के जहरीले धुएं की तरफ धकेल दिया गया है। उज्ज्वला योजना से सब्सिडी वाले सिलेंडरों की संख्या 9 से घटाकर 4 कर दी गई। पिछले 3 महीने में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दाम 89 रुपये बढ़ा दिये गये। मतलब पहले दाम बढ़ाओ,फिर सब्सिडी घटाओ और गरीबों का चूल्हा बुझाओ। 5 किलो सिलेंडर के दाम 323 रुपये कर दिये गये।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**धमतरी।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। सहायक संचालक, मछली पालन विभाग ने बताया कि छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1972 की धारा 3(2) के तहत लागू इस व्यवस्था के अनुसार धमतरी जिले के अधिकांश जल संसाधनों में इस अवधि के दौरान मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन पर 25 हजार रुपये तक जुर्माना लगेगा।

## निधन

### अरणी रॉबर्ट्स



**धमतरी।** राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त, सेवानिवृत्त प्राचार्य, लेखक एवं श्रीमती नीता सालोमन प्राचार्य मॉडल स्कूल धमतरी के पति अरणी रॉबर्ट्स का का निधन 13 जून को हो गया। वर्तमान में वे मॉडल स्कूल के अध्यक्ष थे।

### बिसम्भर निषाद



**मगरलोड।** ग्राम दहदहा (नारी) निवासी बिसम्भर निषाद उम्र 104 वर्ष का निधन 10 जून बुधवार को हो गया। वे पूर्व सरपंच मनोज निषाद के पिता थे। अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### नानाजी निषाद



**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर निवासी नानाजी निषाद उम्र 105 वर्ष का 12 जून शुक्रवार को निधन हो गया। वे निषाद समाज 22 पाली डोगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर अध्यक्ष प्रकाश निषाद, ओंकार निषाद के पिता, बोरसी सोसायटी प्रबंधक नेमचंद निषाद, ढालचंद निषाद के दादा थे। उनके अंतिम संस्कार में पूर्व पाली अध्यक्ष फग्गू निषाद, जिला कोषाध्यक्ष शंभू निषाद, नील निषाद, लखन निषाद, परदेशी निषाद, ईश्वर निषाद, नोहर निषाद, संतोष निषाद, उमाशंकर निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## मसाला, फूल, सब्जी के साथ कई सिस्टम के लिए सब्सिडी

# बागवानी मिशन से मिला किसानों को सपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एकीकृत बागवानी विकास मिशन ने किसानों की तकदीर संवार दी है। मल्चिंग, शेड नेट, वीडमेट, ढेखरा सहित कई सुविधाओं के लिए किसानों को सब्सिडी देकर सपोर्ट किया जा रहा है। इससे किसानों की स्थिति में सुधार की उम्मीद है।

लंबे समय से जिले में बागवानी मिशन लागू करने का इंतजार किया जा रहा था। तीन साल पहले जिले में बागवानी मिशन लागू किया गया। अब किसानों को इस योजना के तहत भरपूर लाभ मिल रहा है। इस योजना के तहत 586 किसानों को 141.82 लाख रुपए की सहायता दी गई है। इसमें फूलों, मसाले, सब्जी, टमाटर सहित अन्य फसलों की खेती के साथ सपोर्ट आईटम के लिए सब्सिडी दी गई है। केवल आर्थिक सपोर्ट नहीं बल्कि किसानों को तकनीकी सपोर्ट भी दिया जा रहा है। खेती की उन्नत तकनीक, नर्सरी, रोपण विधि बताई जा रही है।



### मिला इन योजनाओं पर लाभ

केला की खेती के लिए 16 किसानों को 24 हेक्टेयर, टमाटर के लिए 54 किसानों को 50 हेक्टेयर, भिंडी के लिए 96 किसानों को 50 हेक्टेयर, गेंदा के लिए 88 किसानों को 50 हेक्टेयर, धनिया के लिए 78 किसानों को 40 हेक्टेयर में लाभ दिया गया। इसके अतिरिक्त नेचुरल वेटीलेंटेड सिस्टम ट्यूबलर स्ट्रक्चर के लिए 5 किसानों को 5500 वर्गमीटर, शेडनेट हाउस के लिए 3 किसानों को 5000 वर्गमीटर पर लाभ मिला है।

### ढेखरा लगाने भी मिली मदद

नार वाली फसलों के लिए ढेखरा लगाना है जिसे सपोर्ट सिस्टम वेजीटेबल क्राप कहा जाता है। इससे फसल को मदद मिलती है। ढेखरा के लिए 40 किसानों को 40 हेक्टेयर के लिए सब्सिडी दी गई। फेसिंग के लिए 19 किसानों को 8000 वर्ग मीटर, वीड मेट के लिए 1 किसान को 4000 वर्ग मीटर के लिए सब्सिडी दी गई। इसके अतिरिक्त किसानों को वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, सामान्य सोलर ड्रायर, टीएसपी सोलर ड्रायर, प्रशिक्षण के लिए भी मदद दी गई है।

# एम्बुलेंस चालक से मारपीट और वाहन में तोड़फोड़ करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

आपातकालीन चिकित्सा सेवा में लगी एम्बुलेंस के चालक से दुर्व्यवहार, मारपीट और वाहन में तोड़फोड़ करने के मामले में धमतरी पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार 8 जून 2026 की रात्रि ग्राम उमरदा गौठान के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना मिलने पर वंदे मातरम परिवार समिति की एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 05 15001 के चालक राधेश्याम निर्मलकर मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने एम्बुलेंस के देर से पहुंचने की बात को लेकर चालक से विवाद शुरू कर दिया। आरोपियों ने चालक के साथ अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इसके बाद एम्बुलेंस वाहन में भी तोड़फोड़ कर सामने का कांच, बोनट, इंडिकेटरसहित अन्य हिस्सों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस घटना में करीब एक लाख रुपये की क्षति पहुंची।



मामले की शिकायत पर थाना कुरूद में अपराध क्रमांक 177/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं एवं चिकित्सा सेवक तथा चिकित्सा सेवा संस्थान (हिंसा तथा संपत्ति की क्षति या हानि की रोकथाम) अधिनियम 2010 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने गवाहों के बयान, घटनास्थल निरीक्षण, वीडियो फुटेज और शिनाख्ति कार्रवाई के आधार पर आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने आरोपी रमन दीवान (30 वर्ष), तामेश्वर पटेल (33 वर्ष) और फनेन्द्र उर्फ विक्की चंद्राकर (25 वर्ष), सभी निवासी ग्राम उमरदा थाना कुरूद जिला धमतरी को गिरफ्तार किया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# गांव के विकास को मिलेगी नई दिशा

- कुंडेल में 9 लाख 60 हजार के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम पंचायत कुण्डेल में ग्रामीण विकास एवं जनसुविधाओं को बढ़ावा देने 9 लाख 60 हजार की लागत से अटल सुविधा केंद्र एवं शौर्य क्रीड़ा क्लब मैदान में सामूहिक सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू रहे। अध्यक्षता जनपद पंचायत मगरलोड की सभापति श्रीमती सरिता रंजीत कश्यप ने की। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती यशोदा साहू भी उपस्थित रहीं। 5 लाख की लागत से अटल सुविधा केंद्र तथा 4 लाख 60 हजार की लागत से शौर्य क्रीड़ा क्लब मैदान में सामूहिक सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया जायेगा।



मुख्य अतिथि वीरेंद्र साहू ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और बेहतर अधोसंरचना निर्माण के लिए जनपद पंचायत निरंतर कार्य कर रही है। अटल सुविधा केंद्र एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण से ग्रामवासियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी और गांव के विकास को नई दिशा मिलेगी।

इस अवसर पर संतोष साहू, हिरेश साहू, रेवाराम साहू, श्रीमती प्रीति साहू, श्रीमती चमेली बाई साहू, कौशल साहू, केसरी बाई, वीरेंद्र यादव, भुवन यादव, छबिलाल साहू, ग्राम पंचायत सचिव भागवत देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मातृशक्तियों का सम्मान : चर्रा और कोड़बोड़ में बनेगा 30-30 लाख रुपए का महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

माताओं और बहनों को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कुरूद विधानसभा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से ग्राम पंचायत चर्रा और कोड़बोड़ में महतारी सदन निर्माण के लिए बड़ी सौगात मिली है। दोनों स्थानों पर 30-30 लाख रुपये की लागत से महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा।



ग्राम पंचायत चर्रा और कोड़बोड़ में महतारी सदन निर्माण की स्वीकृति को क्षेत्र के विकास की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। ग्रामीणों ने इसे मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताते हुए खुशी जताई है। क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों की माने तो महतारी सदन केवल एक भवन नहीं, बल्कि मातृशक्ति के आत्मविश्वास, स्वावलंबन और उज्ज्वल भविष्य का केंद्र बनेगा। इसके माध्यम से महिलाओं को संगठित होने, अपनी प्रतिभा को निखारने और विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

### विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास को ग्रामीणों ने सराहा




### महिलाओं की सामाजिक भागीदारी बढ़ेगी

ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए विधायक अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के विकास कार्यों से गांवों में सकारात्मक बदलाव आएगा। स्थानीय स्तर पर महिलाओं को सुविधाएं उपलब्ध होने से उनकी सामाजिक भागीदारी भी बढ़ेगी। हमारी माताएं-बहनें जितनी सशक्त होंगी, कुरूद विधानसभा उतनी ही समृद्ध होगी। महिलाओं की भागीदारी और आत्मनिर्भरता किसी भी समाज के विकास की मजबूत नींव होती है। महतारी सदन के माध्यम से क्षेत्र की महिलाओं को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां वे विभिन्न गतिविधियों, प्रशिक्षण और सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आगे बढ़ सकेंगी।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर वार्डवासियों ने महापौर रामू रोहरा से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बठेना वार्ड की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर वार्ड पार्षद एवं वार्डवासियों के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की। इस दौरान वार्ड में सड़क, नाली, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से महापौर को अवगत कराया गया।

वार्डवासियों ने बताया कि लंबे समय से कुछ आवश्यक विकास कार्य लंबित हैं, जिससे नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण एवं आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराने की मांग रखी।



महापौर रामू रोहरा ने वार्डवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है और प्रत्येक वार्ड के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बठेना वार्ड की समस्याओं का परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर समाधानकिया जाएगा।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्यामलाल नेताम सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# बच्चों ने बोतल से गुड़िया बनाने का हुनर सीखा

- पीएमश्री स्कूल अरौद में समर कैंप का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

पीएमश्री स्कूल प्राथमिक विद्यालय अरौद में 7 जून से आयोजित समर कैंप का समापन 11 जून को हुआ। बच्चों को योगा, संगीत, वर्ली आर्ट, नाटक, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला, क्राप्ट आर्ट, पेपर कटिंग, साइंस के प्रयोग, बाल साहित्य पठन, निबंध लेखन, पॉट आर्ट, मेहंदी, बोतल से गुड़िया निर्माण, मुखौटा ,खेल, कठपुतली जैसी रोचक गतिविधियों में शामिल किया गया । विद्यालय के अतिरिक्त ग्राम अरौद के बच्चे भी शामिल हुए और अपने हुनर को दिखाया।



समापन अवसर पर विकासखंड अधिकारी मनीष ध्रुव ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो भी चीजें आपने सीखी हैं उसे अपन व्यवहारिक जीवन में लाने का प्रयास करें। जनपद सदस्य श्रीमती नंदनी साहू ने बच्चों को कौशल विकास पर ज्यादा ध्यान देने कहा। कौशल का विकास तभी संभव है जब आप इस प्रकार के

कार्यक्रम में अपनी पूर्ण सहभागिता प्रदान कर सकेंगे। मौके पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सरपंच, संकुल समन्वयक कुलेश्वर साहू, शैलेंद्र कश्यप प्रधानपाठक सौंगा, नामदेव साहू प्रधानपाठक माध्यमिक शाला अरौद, श्रीमती रीना सोनी प्रधानपाठक माध्यमिक विद्यालय सौंगा, आदेश यादव, लुकेश्वरी, डामिन ज्योति, गीता साहू, पूर्णिमा्र, लोकेश्वरी, मोनिका समेत पालकगण रेवाराम साहू, टीकम, खेलन व शिक्षकगण प्रमोद ध्रुव सहायक शिक्षक, यशवंत कंवर क्रीड़ा शिक्षक उपस्थित थे। प्रधानाचार्य श्रीमती पुष्पलता यादव ने आभार व्यक्त किया।

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार भखारा**
**जिला- धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कि आवेदक प्रहलाद साहू पिता दुखुराम उम्र 51 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम गुजरा तहसील भखारा जिला धमतरी का निवासी है। आवेदक की माता स्व. ललेशर साहू जिसका मृत्यु दिनांक 03/06/2012 को हुई है तथा आवेदक अज्ञानतावश मृत्यु की सूचना कोतवाली पंजी में दर्ज नही करवा पाया था जिस संबंध में मृत्यु प्रमाण हेतु न्यायालय श्रीमान तहसीलदार भखारा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या समूह या ग्रामवासी को आपत्ति हो तो दिनांक 18/6/2026 तक न्यायालय श्रीमान तहसीलदार भखारा के समक्ष अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । तथा म्याद की समाप्ति पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10/6/2026 को न्यायलीन पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया ।

(मुहर) **तहसीलदार भखारा**

## 12 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर जनसंपर्क

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद के साथ जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने ग्राम जवरगांव और अरौद ली में 12 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर प्रबुद्ध जनों से चर्चा की। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवक सहित शहीद परिवार से आत्मीय मुलाकात की।

नेहरू निषाद ने कहा कि यह 12 वर्ष केवल एक सरकार के कार्यकाल का नहीं, बल्कि देश के करोड़ों गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और पिछड़े वर्ग के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव का इतिहास है।



जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव कहा कि 12 वर्षों में देश ने विकास, बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, गरीब उत्थान और आत्मनिर्भर भारत के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर एक मजबूत और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभरा है।

इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष सुशील निषाद, सरपंच प्रतिनिधि दीपक साहू, उमेन्द्र सिन्हा, रामानन्द सिन्हा, बालाराम सिन्हा, पूरण सिंह ध्रुव, धनीराम साहू, तोमेश साहू, जवरगांव सरपंच लीलाराम साहू, भोलाराम साहू, देव यादव, अरुण यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**Pride of Dhamtari**

**सिद्धीविनायक** नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

- 14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
- A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
- Multi Para Monitors / Bubble CPAP
- Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
- Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
- State of the art NICU including care for Preterm, Term
- वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
- Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
- प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
- 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

**डॉ. विजय रावत**
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि**
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### युवा मोर्चा ने पर्यटन स्थल में चलाया स्वच्छता अभियान

**बचेली।** नगर के प्रमुख पर्यटक स्थल 15 नंबर टंकी परिसर में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ पर्यटक स्थल और उसके आसपास बिखरे प्लास्टिक, डिस्पोजल और अन्य कचरे को साफ कर परिसर को स्वच्छ बनाया। स्वच्छता अभियान के साथ-साथ युवा मोर्चा के सदस्यों ने वहां आने वाले सभी पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। कार्यकर्ताओं ने सभी से अपील की कि वे इस खूबसूरत प्राकृतिक और पर्यटक स्थल की सुंदरता बनाए रखने में सहयोग करें और यहां-वहां कचरा फैलाकर इसे दूषित न करें। इस कार्य में मंडल अध्यक्ष अर्णब चक्रवर्ती के साथ युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शिवांश जायसवाल, प्रियांशु ठाकुर, टी. रामराज, लक्की साहा, नमन पॉल, नैतिक श्रीवास्तव, शौर्य सिंह, शुभम मंडल, मोनिट राय, पवन नाग, संकल्प साहू, वामसी रेड्डी, अनिमेष, सक्षम मुख्य रूप से शामिल रहे।

### कलेक्टर ने केले की खेती देख किसानों की मेहनत को सराहा

**दंतेवाड़ा।** ग्राम पंचायत रेवली के आश्रित एवं दूरस्थ ग्राम बर्रेम के भ्रमण के दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने क्षेत्र में संचालित कृषि एवं आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय कृषक बुधरी बरसे द्वारा की जा रही केले की खेती का अवलोकन किया और ग्रामीण क्षेत्र में किसानों द्वारा अपनाई जा रही उन्नत कृषि पद्धतियों की सराहना की। कलेक्टर ने खेत में पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद किया तथा खेती की प्रक्रिया, उत्पादन, सिंचाई व्यवस्था और विपणन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान बुधरी बरसे ने बताया कि उनके परिवार के पास लगभग 15 एकड़ भूमि है, जिसमें कुछ हिस्से में केले की खेती की जा रही है। उन्होंने बताया कि केले का उत्पादन अच्छी मात्रा में हो रहा है तथा इसका विक्रय मुख्य रूप से किरंदुल बाजार में किया जाता है। किसानों ने बताया कि बाजार में छोटे केले लगभग 60 रुपये प्रति दर्जन तथा बड़े केले 80 से 90 रुपये प्रति दर्जन तक की कीमत पर बिकते हैं। इससे परिवार को नियमित आय प्राप्त हो रही है और कृषि आजीविका का मजबूत माध्यम बनकर उभर रही है।

### 89 हितग्राहियों के बने आयुष्मान कार्ड

बीजापुर। कलेक्टर विश्वदीप के मार्गदर्शन में जिले के पुनर्वासित युवाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुनर्वास केंद्र में विशेष शिविर आयोजित कर 89 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस अभियान का उद्देश्य पुनर्वास केंद्र में रह रहे युवाओं एवं अन्य हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। आयुष्मान कार्ड बनने से पात्र हितग्राही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### गाड़ा बस्ती में निगम की कार्रवाई पर मचा ...

समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन कुछ समय तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा।

इसके बाद निगम की टीम उस स्थान पर पहुंची, जहां कथित रूप से पशु वध किए जाने की बात सामने आई थी। यहां बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष एकत्रित हो गए तथा कार्रवाई का विरोध करने लगे। स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी। मौके पर नगर निगम उपायुक्त पीसी सार्वा, शशांक मिश्रा और थाना प्रभारी राजेश जगत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नगर निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि अतिक्रमण के मामले में निगम की टीम कार्रवाई करने पहुंची थी। संबंधित पक्ष द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाने की सहमति दी गई।

# जागरूक नवयुवक मंच के समर कैम्प में बच्चों की निखर रही प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

जागरूक नवयुवक मंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम भाठागांव (कुरूद) में तीन दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस 10 जून को रम, शतरंज, स्लो साइकिल और चम्मच बांटी दौड़ , द्वितीय दिवस 11 जून को सुबह बैडमिंटन और शाम को कबड्डी का आयोजन हुआ। कबड्डी का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुष्पलता साहू सरपंच भाठागांव एवं हिमांशु साहू जनपद सदस्य ने किया।

इस अवसर पर सरपंच पुष्पलता ने कहा कि सभी खिलाड़ी अपने खेल के लिए समर्पित होकर खेले और भविष्य में एक अच्छे खिलाड़ी बने। समर कैंप के अंतिम दिन 12 जून को पेंटिंग, कागज कला, विज्ञान माडल प्रदर्शनी, रंगोली, मेहंदी, कुर्सी दौड़, साइंस मॉडल एवं गीत कविता का आयोजन हुआ।

समापन 12 जून को हुआ। भूपेश कुमार ने बताया कि गत 9 वर्षों से जागरूक नवयुवक मंच भाठागांव की ओर से समर कैम्प का आयोजन किया गया, जब ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया के जाल में हजारों लाखों छात्र छात्राएं फंसते जा रहे हैं, पढ़ने के प्रति रुचि लगातार खत्म होती जा रही है तो बच्चों के लिए खेलकूद और शिक्षा की ओर बच्चों को

**भाठागांव (कुरुद) में तीन दिवसीय समर कैम्प का आयोजन**



आकर्षित करने का बेहतर माहौल बनाया जा रहा है। शिक्षक लिखन साहू व भावेश चन्द्रवंशी ने कहा कि इस कार्यक्रम से बचपन याद की यादें ताजा हो गई। बच्चे आज मोबाइल में लगे रहते हैं किसी कि बात नहीं सुनते। ऐसी स्थिति में समिति द्वारा गांव में बच्चों को एक अच्छा माहौल देने का यह प्रशंसनीय काम किया है। शिक्षक महेंद्र साहू ने कहा कि जागरूक नवयुवक मंच द्वारा लगातार 9 वर्षों से समर कैंप किया जा रहा हैं। जागरूक नवयुवक मंच अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने कहा कि आगे और भी बेहतर कार्यक्रम करेंगे।

मौके पर मधु माधव विभागाध्यक्ष जूलॉजी शास. गर्ल्स कॉलेज धमतरी, इन्द्रमन साहू सेवानिवृत्त शिक्षक, लक्ष्मीनारायण ध्रुव सलाहकार, भावेश चन्द्रवंशी शिक्षक, गीतांजलि साहू व्याख्याता, डारेंद्र साहू संरक्षक जागरूक नवयुवक मंच, रामनारायण साहू गणमान्य नागरिक, बिरेंद्र साहू व विजेंद्र चक्रधारी थे। निर्णायक दीपशिखा साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पद्मनी साहू, गीतांजलि साहू, मुकेश्वरी साहू, माधवी साहू, यामिनी साहू थे। इस समर कैम्प में 200 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, सचिव भूपेश कुमार, कोषाध्यक्ष चंद्रभान चक्रधारी व सदस्य सागर साहू, डेमन साहू, सोमिन साहू, विनय यादव, कमल साहू, खेमराज साहू, प्रीत साहू, लेमप्रकाश साहू, भाविका साहू समेत अन्य का योगदान रहा।

## ग्राम पंचायत के भोथली रोड स्थित तालाब का मामला, ग्रामीणों में आक्रोश

# सांकरा के जिस तालाब में डूबने से हो चुकी हैं तीन मौतें, उसी तालाब में धड़ल्ले से अवैध मुरूम उत्खनन और परिवहन!

**राजस्व विभाग के उच्चाधिकारियों को पता ही नहीं रहता कि क्षेत्र में ऐसा भी कुछ हो रहा है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत सांकरा अंतर्गत भोथली रोड पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित तालाब इन दिनों अवैध मुरूम उत्खनन और परिवहन को लेकर गंभीर विवादों में घिर गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस तालाब में पहले ही डूबने से तीन लोगों की मौत हो चुकी है, उसी तालाब को अब भारी मशीनों से और अधिक गहरा किया जा रहा है, जिससे भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है।

यह तालाब रामनगर सहित आसपास के ग्रामीणों के दैनिक उपयोग का प्रमुख जलस्त्रोत है। तालाब के किनारे ग्रामीणों द्वारा भगवान शंकर मंदिर का निर्माण भी कराया गया है। इसके बावजूद तालाब की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर जिम्मेदार विभागों की उदासीनता सवालों के घेरे में है।

ग्रामीणों के अनुसार पूर्व सरपंच द्वारा तालाब में एक पचरी (रास्ता) का निर्माण कराया गया था, किंतु तालाब की अत्यधिक गहराई के कारण बरसात में वह पचरी पूरी तरह डूब जाती है और उपयोग के योग्य नहीं रह जाती। ग्रामीणों का कहना है कि पहले से ही अत्यधिक गहरे इस तालाब में बरसात के समय इतना पानी भर जाता है कि कई बार आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन जाती है।

अब देखना यह होगा कि ग्रामीणों की शिकायतों और उठ रहे गंभीर सवालों के बाद प्रशासन अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाता है। फिलहाल ग्रामीणों ने तत्काल खनन और परिवहन बंद कराने तथा पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।



### चेन माउंटेन मशीन और पांच हाइवा से चल रहा परिवहन, फिर भी प्रशासन बेखबर !

ग्रामीणों के अनुसार तालाब से मुरूम निकालने के लिए चेन माउंटेन मशीन लगाई गई है तथा पांच हाइवा वाहनों से लगातार परिवहन किया जा रहा है। इतनी बड़ी गतिविधि दिनभर खुलेआम चलने के बावजूद राजस्व अमले और संबंधित विभागों की चुप्पी कई गंभीर प्रश्न खड़े कर रही है। नियमानुसार मुरूम उत्खनन एवं परिवहन के लिए ग्राम पंचायत का प्रस्ताव, पटवारी प्रतिवेदन, तहसीलदार की अनुशंसा तथा खनिज विभाग की विधिवत अनुमति एवं रॉयल्टी पिटपास आवश्यक होता है। इससे शासन को राजस्व प्राप्त होता है। लेकिन यहां नियम-कायदों को दरकिनार कर खुलेआम उत्खनन और परिवहन किए जाने के आरोप लग रहे हैं।

### मिलीभगत की आशंका जवाबदेही तय करने की मांग

ग्रामीणों का आरोप है कि यदि यह कार्य वैधानिक अनुमति के बिना हो रहा है तो यह सीधे-सीधे शासन को राजस्व हानि पहुंचाने का मामला है। वहीं यदि अनुमति प्राप्त है तो संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक किए जाने चाहिए। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित पक्षों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि दिनभर मशीनों और हाइवा वाहनों से उत्खनन एवं परिवहन होने के बावजूद क्या वास्तव में राजस्व अमला अनजान था ? यदि हां, तो यह प्रशासनिक विफलता है, और यदि नहीं, तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हुई ?

### तीन मौतों के बाद भी नहीं चेत रहे जिम्मेदार

ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब में डूबने से पहले ही तीन लोगों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद बीच तालाब में मशीनों से खुदाई कर इसे और गहरा किया जा रहा है। सवाल यह उठता है कि आखिर किस उद्देश्य से इस तालाब का लगातार गहरीकरण किया जा रहा है और इसके पीछे किसका हित जुड़ा हुआ है ?

### गरीबों पर सख्ती, ठेकेदारों पर मेहरबानी?

ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा अन्य निजी निर्माण कार्यों के लिए यदि कोई व्यक्ति दो-चार ट्रिप मुरूम भी परिवहन करता है तो तत्काल राजस्व अमला और जनप्रतिनिधि सक्रिय होकर कार्रवाई कर देते हैं। लेकिन जब एक तालाब से भारी मशीनों और कई हाइवा वाहनों के माध्यम से बड़े पैमाने पर मुरूम निकाला जा रहा है, तब सभी जिम्मेदारों की खामोशी आखिर क्या संकेत देती है ?

### अधिकारियों के बयान

मुझे तालाब में अवैध उत्खनन और परिवहन की जानकारी नहीं थी। मीडिया द्वारा जानकारी मिली है। इसकी जांच की जायेगी। अवैध उत्खनन पर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।
- प्रीति दुर्गम, *एसडीएम एवं तहसीलदार, नगरी*

तालाब में चल रही गाड़ी ग्राम पंचायत की नहीं है।
- नागेंद्र बोरझा *सरपंच, ग्राम पंचायत सांकरा*

# टीबी मुक्त अभियान में हैंडहेल्ड एक्स-रे से होगी घर-घर जांच



- आयुष्मान आरोग्य शिविर में 276 लोगों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम फरसियां में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि आराधना पटनायक अतिरिक्त सचिव एवं मिशन संचालक एनएचएम भारत सरकार रहीं। विशेष अतिथि अरुण सार्वा जिला पंचायत अध्यक्ष थे। अध्यक्षता संजीव झा स्वास्थ्य संचालक एवं मिशन संचालक ने की। कार्यकम में 276 लोगों का पंजीयन हुआ। आयुष्मान कार्ड , फूड बास्केट का वितरण हुआ। निक्षय मित्रों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। शिशुवती माताओं को पोषण आहार किट का वितरण किया गया। इस दरम्यान 100 दिवस टी बी मुक्त अभियान के लिए हैंडहेल्ड एक्सरे का शुभारंभ किया गया जिसके तहत फील्ड में चेस्ट एक्सरे करते हुए वल्नरेबल ग्रुप में टीबी की जांच की जाएगी।

शिविर में डॉ एके नेताम स्त्री रोग, एमडी मेडिसिन डॉ खेमराज देवांगन , डॉ जेपी दीवान शिशुरोग विशेषज्ञ, डॉ वाशानी चेस्ट रोग विशेषज्ञ, डॉ दीपिका साहू दंतरोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे जिनके द्वारा विशेष केस देखे गए। डॉ यूएल कौशिक सीएमएचओ ने बताया कि शिविर का उद्देश्य टीबी के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। टीबी से सबंधित भेदभाव, भ्रांति को समाप्त करना था । डॉ डीएन सोम बीएमओ नगरी ने बताया कि शिविर में सामान्य रोगो को भी जांच उपचार किया जा रहा है। हितेंद्र कुमार साहू बीपीएम ने बताया कि शिविर में 276 लोगों ने जांच कराई जिसमें 183 का लैब टेस्ट , 45 की नेत्र जांच व 10 का चश्मा वितरण ,70 को आयुष लाभ, 143 का चेस्ट एक्स रे किया गया जिसमें 23 संदेहास्पद पाये गए।

20 लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन, 53 महिला रोग ओपीडी, 37 शिशुरोग ओपीडी रहे। शिविर में श्रीमती प्रीति दुर्गम एसडीएम नगरी, डॉ प्रदीप टंडन एसपीएम, डॉ मेश्राम राज्य टीबी अधिकारी, डॉ प्रिया कंवर डीपीएम, रोहित बोर्झा सीईओ जनपद, सोमेंद्र साहू महिला बाल विकास अधिकारी तथा ग्राम फरसियां के सरपंच उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत, राजस्व विभाग और हाई स्कूल फरसियां और पीएमजनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। मंच का संचालन कैलाश सोन ने किया।

# सोंढूर बांध में चोरी का बढ़ता खतरा, सिंचाई गेट से जुड़े भारी एंगल को चुराने का प्रयास

- इससे पूर्व जर्जर भवन एवं स्टॉफ रूम से लाखों का सामान पार हो चुका है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





सोंढूर जलाशय परियोजना इन दिनों सुरक्षा व्यवस्था की कमी के कारण चोरों के निशाने पर है। बांध परिसर एवं विभागीय कॉलोनी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सोंढूर बांध क्षेत्र की लगभग 12,260 हेक्टेयर सिंचित भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराता है। इसके अलावा गर्मी के दिनों में विभिन्न तालाबों के जलभराव तथा रबी फसल की सिंचाई के लिए भी यहां से पानी छोड़ा जाता है। वर्ष 1977-78 में तत्कालीन मध्यप्रदेश शासन के कार्यकाल में इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण प्रारंभ हुआ था। बांध के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय कॉलोनी का भी निर्माण कराया गया था।

जानकारी के अनुसार कॉलोनी में लगभग 60 से 70 आवास बनाए गए थे, जिनमें से अधिकांश वर्तमान में खाली हैं। कई कर्मचारी सेवानिवृत्त होकर अपने गृह क्षेत्र लौट चुके हैं, जिसके चलते कॉलोनी के कई भवन वर्षों से वीरान हैं। लगभग 20 से अधिक भवन जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं। विभाग द्वारा जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खाली पड़े भवनों से दरवाजे, खिड़कियां, लोहे के एंगल, तार एवं अन्य सामग्री धीरे-धीरे चोरी हो चुकी है। कुछ दिनों पूर्व अज्ञात चोरों ने माइनर नहर के गेट के दरवाजे तथा उसके संचालन से जुड़े लोहे के एंगल की चोरी कर ली। सोंढूर बांध के सिंचाई गेट पर कचरा रोकने के लिए लगाए गए भारी लोहे के एंगल को भी उखाड़ने का प्रयास किया गया। हालांकि वजन अधिक होने के कारण चोर उसे ले जाने में सफल नहीं हो सके।

चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि बांध परिसर और आवासीय क्षेत्र के सामने से भी लोहे के सामान और तार चोरी किए जा रहे हैं। यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं की गई तो बांध की महत्वपूर्ण संरचनाओं को भी नुकसान पहुंच सकता है।

नागरिकों ने आरोप लगाया कि बांध परिसर में कर्मचारियों की नियमित तैनाती नहीं होने तथा निगरानी के अभाव में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। लोगों ने जल संसाधन विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

विभागीय अधिकारी ने बताया कि स्टॉफ के माध्यम से जानकारी मिली है। जल्द ही थाने में शिकायत दर्ज कराई जायेगी। पूर्व में भी अज्ञात चोरों के लिखाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के संस्थापक का सम्मान

**बगदेही(धमतरी)।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। जिले में कुल 36 केंद्रों में आर्मी भर्ती प्रशिक्षण एवं विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के संस्थापक गुलशन साहू का जिलाधीश, एसडीएम, विधायक धमतरी, विधायक नगरी ने मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

# अधिक मास शिवरात्रि : कुरुद क्षेत्र में दिखा भक्ति का सैलाब

- हजारों भक्तों ने घर-घर किया पार्थिव शिवलिंग का पूजन

**कुरुद।** अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) की शिवरात्रि के अवसर पर कुरुद क्षेत्र सहित पूरा जिला शिवभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के ऑनलाइन मार्गदर्शन में हजारों श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से महापूजन और रुद्राभिषेक संपन्न किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में हर हर महादेव और श्री शिवाय नमस्तुभ्यम् के जयघोष गूंजते रहे।

बदले दौर में आस्था और तकनीक का अनूठा संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने टीवी और सोशल मीडिया के माध्यम से लाइव प्रसारण से जुड़कर प्रदोष काल में शाम 7 से 8 बजे तक सामूहिक अनुष्ठान किया। इसके लिए भक्तों ने घर पर ही शुद्ध मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया। फिर बेलपत्र, शमी पत्र, कनेर पुष्प, 11 साबुत अक्षत और कच्चे दूध में गुड़-शक्कर मिलाकर भोलेनाथ का अभिषेक किया। पूजा के समापन पर महाआरती कर भक्तों ने अपने घर-



परिवार, समाज और गांव की सुख-समृद्धि, आरोग्यता तथा अटूट शांति की कामना करते हुए भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अधिक मास में पार्थिव शिवलिंग का पूजन विशेष फलदायी होता है, जिससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कुरुद क्षेत्र के हजारों भक्तों ने घर बैठे इस बड़े धार्मिक आयोजन से जुड़कर अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**धमतरी।** परिक्षेत्र साहू समाज खरतुली द्वारा साहू सदन खरतुली में प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष गणेशराम साहू ने कहा कि प्रतिभा ईश्वर का अनमोल उपहार होती है, लेकिन निरंतर मेहनत और लगन से इसे और निखारा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जिला साहू संघ धमतरी के उपाध्यक्ष गोपाल साहू, तहसील साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष चिरौंजी साहू, जनपद सदस्य संत कुमारी, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला धमतरी के सलाहकार भिखारी साहू, तहसील साहू संघ के कोषाध्यक्ष नंदझरोखा, अध्यक्ष रूपेंद्र गंजीर एवं सचिव उमाशंकर साहू उपस्थित थे।

मानवता के कल्याण हेतु समर्पित रक्तदाताओं को
WORLD BLOOD DONOR DAY
पर सादर नमन
Jun 14
रक्तदान करें जीवन बचाएं
बालाजी पैथालॉजी लैब
तहसील ऑफिस के सामने, सिविल अस्पताल के पास, नगरी
जिला - धमतरी (छ.ग.) मो. 9753474839, 7000708846

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शादी से लौटते समय पिकअप पलटी, दूल्हा समेत 10 घायल

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात एक शादी समारोह से लौट रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में दूल्हे के रिश्तेदारों और ग्रामीणों सहित कुल 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से शासकीय अस्पताल भानुप्रतापपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। थाना में शिकायत करने पहुंचे कच्चे चौकी अंतर्गत ग्राम नागहूर निवासी 21 वर्षीय दिलीप कुमार पूड़ो ने बताया कि 11 जून की शाम करीब 8 बजे गांव के 13 लोग पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 बीडी 2520 में सवार होकर विकास दुग्गा के शादी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम दमकसा गए हुए थे। शादी का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद 12 जून की करीबन ढाई बजें सभी लोग वापस अपने गांव नागहूर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम तराई घोटिया और नागहूर के बीच मुख्य मार्ग पर पिकअप के चालक ने वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए नियंत्रण खो दिया, जिससे पिकअप बीच सड़क पर ही पलट गई। चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद लोगो ने तुरंत तत्परता दिखाई और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। इस दुर्घटना में वाहन में मुझे दाहिने कंधे, बाएं हाथ और कमर के ऊपरी हिस्से, सिर और दाहिनी कोहनी में गंभीर चोट। सिर और मुंह पर चोट, सविता गावड़े दाहिने हाथ में चोट, सविना पूड़ो दोनों हाथ, बाएं पैर और होंठ के ऊपर चोट, लिलेश्वरी बोगा के बाएं हाथ की भुजा और दाहिने कमर के ऊपर चोट, विवेक नरेटी के बाएं जांघ और दाहिने पैर में चोट, संतोष नेताम के पीठ और सिर में चोट, मेहनतीन विश्वकर्मा के दाहिने हाथ और बाएं हाथ की उंगली में चोट, दरबारी पूड़ो के दाहिने हाथ का पंजा, बाएं कंधे और दाहिने पैर की जांघ में चोट आई है।

### घरेलू विवाद पर जमकर मारपीट काउंटर केस दर्ज, विवेचना जारी

**कांकेर।** थाना बांदे क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीव्ही-82 विजयनगर में



पारिवारिक विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पीव्ही-82 विजयनगर निवासी 32 वर्षीय बांसुरी मंडल ने शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 12 जून की सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर में मोबाइल पर बातचीत कर रही थी। इसी दौरान उसकी जेठानी ममता मंडल, ननद रूखमनी मंडल एवं जेठ ब्रीजेन मंडल उसके घर के पास पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पुत्री झुमा मंडल के साथ भी धक्का-मुक्की की गई, जिससे उसके कपड़े फट गए तथा उसे सीने में दर्द हुई। घटना में मुझे भी चोटें आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ममता मण्डल, रूखमनी और ब्रीजेन मण्डल के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वहीं दूसरे पक्ष से 30 वर्षीय ममता मंडल ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत में उसने आरोप लगाया कि 12 जून की सुबह वह अपनी ननद रूखमनी के साथ सड़क की ओर घूमने गई थी। इसी दौरान उसकी देवरानी बांसुरी मंडल ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आई रूखमनी मंडल तथा उसकी पुत्री हिमानी मंडल को भी बांसुरी मंडल ने नाखून एवं दांत से काटकर चोट पहुंचाई। घटना में उसे सिर एवं शरीर में दर्द होने की शिकायत बताई गई है।

# प्रमुख बीमारियों के उन्मूलन एवं नियंत्रण के लिए समन्वित प्रयास पर जोर

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक सुश्री आराधना पटनायक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) तथा आयुष विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति, उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की।

इस अवसर पर सुश्री पटनायक ने कहा कि देश को टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, सिकल सेल तथा एनीमिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों से मुक्त या नियंत्रित करने का लक्ष्य है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति केवल स्वास्थ्य विभाग के प्रयास से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों, समुदाय और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। समय पर जांच, उपचार, जागरूकता और सतत निगरानी के माध्यम से इन बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है।



### मातृ-शिशु स्वास्थ्य देखभाल को और सुदृढ़ करें

मिशन निदेशक ने मीज़ल्स-रूबेला, एचपीवी तथा एमएमआर जैसे टीकाकरण कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने, शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा जनजागरूकता गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, पोषण सेवाओं और मातृ-शिशु स्वास्थ्य देखभाल को और सुदृढ़ करने पर बल दिया।

बैठक में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, विशेष स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन, सिकल सेल एवं टीबी स्क्रीनिंग, कुपोषण नियंत्रण तथा जनजागरूकता गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन विभिन्न विभागों के समन्वय से स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। बैठक में राज्य स्तर से संचालक स्वास्थ्य सेवाएं संदीव झा, राज्य क्षय रोग अधिकारी, एसपीएम एनएचएम डॉ. भरत राजपूत सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## तालाबों की स्थिति में आएगा सकारात्मक बदलाव, नागरिकों को बेहतर वातावरण मिलेगा

# शहर के तालाबों को मिलेगा नया स्वरूप सरोवर धरोहर योजना से विकास कार्य तेज



**तालाबों के विकास से होंगे कई फायदे**

- जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा
- शहर में बढ़ेगी हरियाली
- नागरिकों को मिलेगा स्वच्छ वातावरण
- धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को मिलेगी सुविधा
- पर्यावरण संतुलन होगा मजबूत

**इन कार्यों पर निगम का फोकस**

- तालाबों का सौंदर्यीकरण
- घाट एवं पाथ-वे निर्माण
- साफ-सफाई और जल संरक्षण
- ट्रीटेड पानी पहुंचाने की योजना
- प्रकाश व्यवस्था एवं हरियाली का विस्तार

**बढ़ेगी तालाबों की उपयोगिता**

सरोवर धरोहर योजना के तहत शहर के पांच प्रमुख तालाबों तक ट्रीटेड पानी पहुंचाने की योजना पर कार्य जारी है। इसके लिए लगभग 5 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से पाइपलाइन विस्तार और अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। योजना पूरी होने के बाद तालाबों में जलस्तर बनाए रखने में मदद मिलेगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के तालाबों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और जल संरक्षण को लेकर नगर निगम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शहर में मौजूद 23 तालाबों के बेहतर रखरखाव और जलस्तर बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। सरोवर धरोहर योजना अंतर्गत तालाबों को पुनर्जीवित करने तथा उनकी उपयोगिता बढ़ाने के लिए विकास कार्यों को गति दी जा रही है। नगर निगम का लक्ष्य तालाबों को स्वच्छ, सुंदर और नागरिकों के लिए उपयोगी बनाना है।

नगर निगम द्वारा तालाबों के जल संरक्षण, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। कई तालाबों के आसपास घाट निर्माण, पाथ-वे, प्रकाश व्यवस्था और हरियाली बढ़ाने की योजना पर काम जारी है। अधिकारियों के अनुसार आने वाले समय में तालाबों की स्थिति में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा और नागरिकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही तालाबों की नियमित मॉनिटरिंग और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नागरिकों से भी तालाबों को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई है।

## संस्कारित परिवार ही सशक्त राष्ट्र की नींव



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति जिला धमतरी द्वारा ग्राम छाती में आयोजित दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग अंतर्गत भारत माता की महाआरती श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक ठाकुर प्रांत युवा आयाम हिन्दू जागरण मंच छग थे।

अवसर पर दीपक ठाकुर ने आरती कर उपस्थित शिक्षकों, मातृशक्ति एवं प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्रसेवा तथा भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण का संदेश दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत माता केवल भूभाग नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपराओं और सनातन जीवन मूल्यों की सजीव अभिव्यक्ति हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे भारतीय संस्कारों को आत्मसात करें और आने वाली पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति, चरित्र निर्माण एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने मातृशक्ति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि संस्कारित परिवार ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखते हैं और मां बच्चे की प्रथम गुरु होती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति अध्यक्ष दीनबंधु सिन्हा ने राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों पर अपने विचारों के माध्यम से लोगों में नई चेतना का संचार किया। विशिष्ट अतिथि सरपंच श्रीमती दनेश्वरी साहू ने भी उनके विचारों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

## स्व. युगलकिशोर साहू की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तहसील साहू समाज शहर धमतरी के पूर्व संगठन मंत्री स्व. युगलकिशोर साहू की पुण्यतिथि के अवसर पर रूद्री रोड स्थित ओजस्वी नर्सिंग होम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ नगर निगम धमतरी के महापौर जगदीश रामू रोहरा ,ओजस्वी नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ. राहुल ठाकुर, डॉ.रागिनी सिंह ठाकुर के करकमलों से हुआ। रामू रोहरा ने स्व. युगलकिशोर साहू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सर्व समाज हेतु स्वास्थ्य शिविर के आयोजन को पुनीत कार्य बताया एवं सेवा कार्य की प्रशंसा की।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विपिन साहू, भाजपा स्थाई आमंत्रित सदस्य राजेश शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री अविनाश दुबे, नगर निगम की सभापति कौशल्या देवांगन, प्रकाश शर्मा, तहसील साहू समाज के संरक्षक यशवंत कुमार साहू, गोपीकिशन साहू, विजय साहू, उपाध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, संगठन सचिव जानकी साहू, महासचिव ईश्वर साहू, डॉ. गिरीश साहू, देवेंद्र साहू, नीलमणि साहू पाषर्दगण संतोष सोनकर, कुलेश सोनी, पिंटू यादव, मुकेश शर्मा, ललित साहू, पितांबर साहू, बंसीलाल साहू, शेखर साहू, चंदूलाल साहू, किशोर साहू, नरसिंग साहू, गिरवर साहू, रमशिला साहू, ललिता साहू, राघवेंद्र साहू, सोहन धीवर, प्रतीक महावर, राजा शर्मा, अर्पित सिंह, यमन मार्कण्डेय, प्रशुम तिवारी, आयुष पटवा, एवं बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे। शिविर समापन के अवसर पर ओजस्वी नर्सिंग होम के संचालक डॉ राहुल ठाकुर एवं डॉ श्रीमती रागिनी सिंह ठाकुर को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया गया। उपस्थित लोगों को शीतल पेय एवं फलाहार प्रदान किए गए।

## महापौर रामू रोहरा ने ट्रैंचिंग ग्राउंड सहित विभिन्न समस्याओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम क्षेत्र के सोरिद वार्ड में स्थित टैंचिंग ग्राउंड एवं अन्य जनसमस्याओं का जायजा लेने महापौर रामू रोहरा वार्ड का दौरा कर वार्डवासियों से सीधे रूबरू हुए।

इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने क्षेत्र में सड़क एवं नाली निर्माण की आवश्यकता बताते हुए अपनी मांग महापौर के समक्ष रखी। वार्डवासियों ने कहा कि कई स्थानों पर सड़क एवं नाली की व्यवस्था नहीं होने से आवागमन तथा जल निकासी में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा ट्रैचिंग ग्राउंड से संबंधित कुछ स्थानीय समस्याओं से भी महापौर को अवगत कराया गया।



महापौर रामू रोहरा एवं सभापति कौशिल्या देवांगन ने वार्डवासियों को भरोसा दिलाया कि उनकी सभी मांगों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सर्वे एवं कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए ताकि वार्ड में विकास कार्यों को शीघ्र गति मिल सके।

महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के सहयोग से क्षेत्र के विकास को नई दिशा दी जाएगी।

इस अवसर पर वार्ड के नागरिकों ने महापौर के वार्ड पहुंचकर समस्याओं को सुनने और समाधान के प्रति सकारात्मक पहल करने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व पार्षद रितेश नेताम, चंद्रहास भाड़े, गोपीलाल साहू, टीआर नेताम, कामता साहू, गजेन्द्र सिन्हा, प्रवीण गजेंद्र, सुरेन्द्र सिन्हा, यादव जी, गीता भाड़े, सुमन साहू, लक्ष्मी गजेंद्र शर्मा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सोरिद में किशोरियों को लगा एचपीवी का टीका

**धमतरी।** सोरिद स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 14 एवं 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीका लगाया गया। इस अवसर पर नगर निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन मौजूद रहीं। किशोरियों तथा उनके अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एचपीवी टीकाकरण के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह टीका भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल कैंसर) जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में सहायक है।

## पंचमुखी नगर कॉलोनी में बोर खनन शुरू, पेयजल समस्या से मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी के रत्नाबांधा स्थित पंचमुखी नगर कॉलोनी में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। पंचमुखी नगर कॉलोनी में 1.68 लाख रुपये की लागत से बोर खनन एवं पंप स्थापना कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह कार्य जनपद पंचायत की 15वें वित्त योजना के तहत कराया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य कीर्तन मीनपाल रहे, जबकि अध्यक्षता ग्राम पंचायत रत्नाबांधा के सरपंच फकीरचंद वर्मा ने की। जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू एवं पूर्व सरपंच रामभागवत मीनपाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। भूमिपूजन के तुरंत बाद बोर खनन मशीन लगाकर कार्य प्रारंभ कर दिया गया, जिसे कम समय में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया।

इस अवसर पर कॉलोनी समिति एवं ग्रामवासियों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष भीखम सिन्हा, उपाध्यक्ष सालिक राम गजपाल, सचिव दुष्यंत साहू सहित कई पदाधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने कहा कि क्षेत्रवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त योजना के माध्यम से कॉलोनी की बड़ी समस्या का समाधान हुआ है और आगे भी विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। बोर खनन सफल होने पर कॉलोनीवासियों में खुशी का माहौल देखा गया।

## एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया मान

# फरियादी पिता-पुत्री ने दी गीत की अनोखी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पिता-पुत्री की जोड़ी ने पुलिस की अपराधों के विरूद्ध लगातार लड़ाई और सफलता से प्रभावित होकर स्वरचित गीत की मनमोहक व अनोखी प्रस्तुति दी। जिस पर एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर उनका मान बढ़ाया है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे फरियादी ग्राम नवागांव-कण्डेल निवासी गीतकार रविशंकर पटेल जो पेशे से श्रमिक हैं उनके द्वारा जनसेवा, कर्तव्यनिष्ठा एवं समाज के प्रति समर्पण को केन्द्र में रखकर रचित गीत को उनकी पुत्री कुमारी हर्षलता पटेल ने एसपी सूरज सिंह परिहार के समक्ष अत्यंत भावपूर्ण, मधुर एवं प्रभावशाली स्वर में प्रस्तुत किया। हर्षलता द्वारा प्रस्तुत गीत में पुलिस की निरंतर सेवा भावना, कानून व्यवस्था बनाए रखने में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका, आमजन के सुरक्षा के प्रति समर्पण तथा समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि का सुंदर एवं प्रेरणादायी वर्णन प्रस्तुत किया गया। गीत की प्रस्तुति इतनी प्रभावशाली रही कि उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाव विभोकर होकर उसकी सराहना करने लगे। पेशे से श्रमिक रविशंकर पटेल ने पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा तस्करी, जुआ, सट्टा एवं चाकूबाजी जैसे अपराधों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्रवाई से प्रेरित होकर उक्त गीत की रचना की। उन्होंने अपनी पुत्री हर्षलता के साथ एसपी से भेंटकर गीत समर्पित किया। उनके सराहनीय व प्रेरणादायी प्रयास से प्रभावित होकर एसपी ने रविशंकर पटेल व उसकी पुत्री हर्षलता पटेल को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा हर्षलता के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



हर्षलता की प्रतिभा की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए एसपी ने कहा कि कला व साहित्य जगत को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। पुलिस के प्रति सम्मान व विश्वास को अभिव्यक्ति करने वाली ऐसी रचनात्मक प्रस्तुतियां समाज और पुलिस के मध्य सकारात्मक संवाद तथा विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी।

## योग दिवस के पूर्व जन जागरुकता के लिए 15वां सुशासन योग शिविर संपन्न

- योग के साथ आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा स्वस्थ रहने के विधि भी बताए गये

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व धमतरी नगर में सुशासन शिविर के पूर्व उन्हीं स्थानों पर निःशुल्क योग जागरूकता शिविर का आयोजन चित्रा अष्टांग योग केंद्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हटकेशर धमतरी द्वारा किया जा रहा है। जिसकी लोगों में मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। अधिकांश वार्डो में जन प्रतिनिधि के साथ साथ लोगों में स्वास्थ्य के प्रति काफी जागरूक है और कुछ स्थानों में और जागरूकता की और आवश्यकता है।



चित्रा अष्टांग योग केंद्र के संचालक डॉ. दिनेश कुमार नाग ने बताया कि योग हमारे जीवन के लिए आवश्यक है अधिकांश लोग जब शरीर में कोई रोग हो जाए तब योग प्रारंभ करते है लेकिन स्वस्थ रहने के लिए योग तो नियमित करना चाहिए।

21 जून को भारत सहित पूरे 180 से ज्यादा देशों द्वारा विश्व योग दिवस मनाया जाएगा, इसी क्रम में हमारे धमतरी नगर में सैकड़ों लोगों ने पूर्वाभ्यास योग में भाग लिया है और संकल्प भी लिया कि प्रतिदिन हम योग करेंगे। शिविर में योग के साथ साथ आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा स्वस्थ रहने के उपाय भी बताया गया।

शिविर का संचालन में उमेंद्र भारद्वाज, अमित पटेल, तनिश बंजारे सहयोगी रहे। जिला प्रशासन एवं नगर निगम से सभी अधिकारी कर्मचारी एवं जन प्रतिनिधियों का पूरा सहयोग मिला।

## खबर संक्षेप

### राज्य सरकार खुद करे रेत का विक्रय, जनता को मिलेगी राहत : लेखराम



**धमतरी।** कुरुद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने राज्य सरकार द्वारा रेत खदानों के संचालन एवं विक्रय का अधिकार निगमों और कंपनियों को दिए जाने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था निजी ठेकेदारों की जगह केवल नए माध्यम को स्थापित करने जैसा है, जिससे आम जनता को अपेक्षित लाभ मिलने की संभावना कम है। श्री साहू ने कहा कि सरकार यदि शराब की बिक्री सीधे कर सकती है तो रेत का विक्रय भी स्वयं कर सकती है। इससे रेत की कीमतों पर नियंत्रण रहेगा और घर निर्माण करने वाले लोगों को उचित दर पर रेत उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में ठेकेदारों या अन्य एजेंसियों के माध्यम से रेत की कीमतों में अनावश्यक वृद्धि होती है, जिसका सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए रेत खदानों का संचालन और विक्रय सीधे सरकारी तंत्र के माध्यम से किया जाए। इससे अवैध उत्खनन, रेत चोरी और मनमानी वसूली पर रोक लगेगी। श्री साहू ने कहा कि सरकारी नियंत्रण में रेत बिक्री से जनता को सस्ती रेत मिलेगी और सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

### प्रार्थना व मंत्र पाठ को लेकर राजनीति शुरू

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों में दिन में 3 बार प्रार्थना और मंत्र-पाठ अनिवार्य किए जाने का आदेश जारी किया है। सुबह स्कूल लगने पर सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र समेत 6 प्रार्थनाएं होंगी। दोपहर खाने के समय भोजन मंत्र और स्कूल की छुट्टी के समय गायत्री मंत्र होगा। इसे लेकर अब राजनीतिक शुरू हो गई है। कांग्रेस का कहना है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एजेंडा थोपने की कोशिश की जा रही है। स्कूल किसी एक विचारधारा या धर्म का नहीं हैं। यहां सभी अलग-अलग धर्मों समुदाय के बच्चे पढ़ते हैं।

### संविदा कर्मियों के तबादले पर हाईकोर्ट का दखल से इनकार

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने संविदा कर्मचारियों के स्थानांतरण में हस्तक्षेप करने के राज्य सरकार के फैसले में दखल देने से साफ इंकार कर दिया है। जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने संविदा स्वास्थ्य कर्मी अखिलेश कौशिक की याचिका खारिज करते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी का तबादला कहाँ होना चाहिए, यह पूरी तरह सक्षम प्राधिकारी का विशेषाधिकार है। अदालतें इसमें तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं, जब तक कि आदेश में कोई दुर्भावना या वैधानिक नियमों का उल्लंघन न दिखाई दे।

### तनाव प्रबंधन-मानसिक स्वास्थ्य पर ब्रह्माकुमारीज में हुआ प्रेरक व्याख्यान

**कांकेर।** पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन एवं समग्र व्यक्तित्व विकास को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कांकेर पुलिस द्वारा एक विशेष प्रेरणादायी व्याख्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रमुख का व्यख्यान आयोजित हुआ। आयोजित कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी संस्था के सुरक्षा सेवा प्रभाग द्वारा संचालित राज्यव्यापी अभियान आत्म-सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण तक के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य सुरक्षा बलों एवं शासकीय सेवाओं से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना तथा उनमें सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का विकास करना है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजयोग मेडिटेशन, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक चिंतन, जीवन मूल्यों, आत्मविश्वास निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण, पारस्परिक संबंधों में सामंजस्य, प्रभावी संवाद, चुनौतियों का प्रबंधन तथा डिजिटल युग में मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा की गई।

# भीषण गर्मी में बोर, नलकूप और हैंडपंप बंद होने से बढ़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भीषण गर्मी और लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण शहर की पेयजल व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। पिछले तीन महीनों में भूजल स्तर करीब 7 मीटर नीचे चला गया है, जिससे नगर निगम क्षेत्र के कई बोर, नलकूप और हैंडपंप प्रभावित हुए हैं। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा लगातार वैकल्पिक व्यवस्था कर लोगों तक पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।


नगर निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में संचालित 186 बोर में से 40 बोर सूख चुके हैं। निगम द्वारा इन बोरों को चालू रखने के लिए अतिरिक्त पाइप डालकर सुधार कार्य किया गया। वहीं 96 हैंडपंपों में से 20 बंद हो चुके हैं। लगातार उपयोग और जलस्तर गिरने के कारण 25 मोटर पंप भी खराब हुए हैं, जिन्हें सुधारने का काम किया गया है।

महात्मा गांधी वार्ड, पोस्ट ऑफिस क्षेत्र और लालबगीचा सहित कुछ इलाकों में पेयजल की मांग बढ़ी है। नगर निगम द्वारा प्रभावित क्षेत्र में टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है। जल विभाग की टीम प्रतिदिन वार्डों का निरीक्षण कर खराब मोटर, पाइपलाइन और बोर सुधारने में जुटी हुई है।

नगर निगम ने शहर की सवा लाख आबादी को पानी उपलब्ध कराने के लिए करीब 35 करोड़ रुपये की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया है। इसके माध्यम से लगभग 19 हजार 700 घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं। निगम के अनुसार वर्तमान में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति औसतन 114 लीटर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन गर्मी बढ़ने से पानी की खपत लगभग दोगुनी हो गई है।

नगर निगम सभापति अखिलेश सोनकर ने कहा कि निगम लगातार स्थिति पर नजर रखा हुआ है। लोगों को राहत पहुंचाने हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से रेन वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने की अपील की है।

**निगम लगातार बहाल कर रहा पेयजल व्यवस्था**




## सेटेलाइट, ड्रोन और साहस ने रिजर्व के 956 हेक्टेयर वन क्षेत्र को पुनः प्राप्त किया

# टाइगर रिजर्व में 10 लाख वृक्षों की बलि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के 10 लाख वृक्षों की कैसे निर्मम हत्या की गई, इसकी जानकारी टाइगर रिजर्व ने शेयर की है। लगभग 15 वर्षों तक रिजर्व के जंगल में एक मौन पारिस्थितिक त्रासदी घटित होती रही जो क्षेत्र कभी सघन साल, सागौन, बांस और मिश्रित वनों से आच्छादित था। वह धीरे-धीरे उजड़ते हुए भू-भाग में बदलता गया। दशकों पुराने विशाल वृक्ष समाप्त हो गए। वन्य जीवों के आवास खंडित हो गए और महानदी के उद्गम क्षेत्र के जलग्रहण वनों को भारी क्षति पहुंची लेकिन अन्य पर्यावरणीय अपराधों के विपरीत इस विनाश के ऐसे साक्ष्य थे जिन्हें मिटाया नहीं जा सका। ये गवाह इंसान नहीं थे पृथ्वी से सैकड़ों किलोमीटर उपर परिक्रमा कर रहे सैटेलाइट जो इस त्रासदी के चश्मदीद गवाह बने।

टागइर रिजर्व प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिक्षेत्र अरसीकन्हार (बफर) के क्षेत्र घोरागांव में सन 2021 को 6 हेक्टेयर में 26 अतिक्रमणकारियों ने 2500 वृक्षों को नष्ट किया। परिक्षेत्र इंदागांव (बफर) के क्षेत्र सोरनामाल में 69 अतिक्रमणकारियों ने 1888-78 हेक्टेयर में सन 2010 के बाद 2.50 लाख वृक्षों की निर्मम हत्या कर दी। क्षेत्र गोहरामाल में 70 अतिक्रमणकारियों ने सन 2011-12 से 151.198 हेक्टेयर जंगल पर अतिक्रमण कर 2 लाख वृक्षों का सफाया किया। तौरेंगा (बफर) के क्षेत्र इचरादी, गरीबा, कोदोमाली में सन 2011 के बाद 158.724 हेक्टेयर पर 65 लोगों ने अतिक्रमण कर 2 लाख वृक्षों की कटाई कर दी। क्षेत्र टांगरान (कोकोड़ी) में 2011 के बाद 30 लोगों ने 69.574 हेक्टेयर में 75 हजार वृक्षों की बलि दे दी गई।

क्षेत्र नयापारा (गोना-शोभा) में सन 2006 से 2008 के बीच 16 लोगों ने 15 हजार वृक्षों को, क्षेत्र पीपलखुंटा काण्डसर एवं फरसरा बीट में 29 लोगों ने 2006 से 2008 के बीच 60.67 हेक्टेयर जंगल में 75 हजार वृक्ष, परिक्षेत्र सीतानदी (कोट) के क्षेत्र जैतपुरी में 106.10 हेक्टेयर जंगल में 166 लोगों ने 2008 से 2011 के बी 1 लाख वृक्ष, बुडराकाटी पानी क्षेत्र में 2005 के बाद अज्ञात अतिक्रमणकारियों ने 100 हेक्टेयर जंगल में 1 लाख वृक्ष, इंदागांव बीट के 95 हेक्टेयर क्षेत्रफल में अज्ञात लोगों ने 2011-12 में 75 हजार पेड़, दक्षिण उदंती (कोर) के कर्लाझर बीट में सन 2011-12 में 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 15000 वृक्षों की बलि दे दी गई है।



**वन विनाश का सुनियोजित तरीका**

टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि जांच के दौरान वन विभाग का सुनियोजित तरीका सामने आया हैं। बड़े वृक्षों को सीधे करने के बजाय वृक्ष के चारों ओर छाल की पूरी गोलाकार पट्टी हटा दी जाती है। इससे वृक्ष तुरंत नहीं मरता ।छाल के नीचे स्थित फ्लोएम उत्तक पत्तियों द्वारा निर्मित भोजन को जड़ों तक पहुंचता है। जब यह संपर्क टूट जाता है तो भोजन जड़ों तक नहीं पहुंच पाता। जड़ें धीरे-धीरे भूख से मरने लगती हैं। मिट्टी से जल ग्रहण करने की क्षमता समाप्त हो जाती है। वृक्ष सूखकर मर जाता है। इसके बाद सूखे वृक्षों को काट दिया जाता था। अनेक स्थानों पर ठूंठ को जलाकर साक्ष्य को खत्म कर दिया गया लेकिन धमतरी में मिटाये गए निशान अंतरिक्ष में सुरक्षित रह गए।

# पराली जलाने पर प्रशासन सख्त किसानों पर होगी कार्रवाई




■ पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है : मोनेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में खेतों में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। कृषि और राजस्व विभाग की टीम को निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फसल अवशेष जलाने वाले किसानों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके लिए ग्राम सेवकों और कोटवारों के माध्यम से गांवों में मुनादी भी कराई जा रही है।

जानकारी के अनुसार जिले के कई स्थानों पर किसानों द्वारा फसल अवशेष जलाने की घटनाएं सामने आई हैं। हाल ही में क्षेत्र में पराली जलाने के कारण आगजनी की घटना भी हुई थी, जिसे कृषि विभाग की टीम ने समय रहते नियंत्रित किया। इसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी है। कुछ किसानों के खिलाफ पंचनामा तैयार किया गया है।

प्रशासन के अनुसार 0.80 हेक्टेयर तक भूमि रखने वाले किसानों पर 2500 रुपये, 0.80 से 2.02 हेक्टेयर तक 5000 रुपये तथा इससे अधिक रकबा होने पर 15 हजार रुपये तक का अर्थदंड लगाया जा सकता है। कृषि उप संचालक मोनेश साहू ने बताया कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है और वातावरण में प्रदूषण बढ़ता है। उन्होंने किसानों से फसल अवशेष को खेत में मिलाकर जैविक खाद बनाने की अपील की। विभाग ने बताया कि हल्की सिंचाई और जुताई के माध्यम से पराली को खाद में बदला जा सकता है, जिससे खेती की लागत भी कम होती है।

# मानव वन गंगरेल में चला स्वच्छता अभियान



■ अधिकारी-कर्मचारियों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 13 जून को मानव वन गंगरेल में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रातः 6:30 बजे प्रारंभ हुए इस अभियान में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अभियान में वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, संयुक्त वनमंडलाधिकारी मनोज विश्वकर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी सत्यनारायण प्रधान, डिप्टी रेंजर राकेश तिवारी, श्रीमती उषा पटेल, देवलाल साहू, वनरक्षक एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने मानव वन गंगरेल परिसर में सफाई कार्य कर स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा सतत प्रयास है। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान वन विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के दौरान परिसर में फैले कचरे का संग्रहण कर उसका उचित निस्तारण भी किया गया।

# 2047 के भारत के वट वृक्ष की जड़ों को पोषित कर रही है विद्या भारती : पं. राजेश

■ छाती में दस दिवसीय नवीन प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम छाती में विद्या भारती के 10 दिवसीय नवीन प्रशिक्षण शिविर का 12 जून को समापन किया गया। इस अवसर पर नौनिहालों ने सांस्कृतिक एवं शिक्षाप्रद प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं. राजेश शर्मा थे। अति विशिष्ट अतिथि अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश शर्मा थे। कार्यक्रम में विद्यालय के व्यवस्थापक नरेंद्र साहू एवं संचालक दीनबंधु साहू की उपस्थिति भी रही।

नवीन प्रशिक्षित आचार्यों ने प्रकट उत्सव के दौरान वैदिक शिक्षा, वंदना, योग तथा भगवान राम और भगवान कृष्ण की झांकियों के माध्यम से मनभावन प्रस्तुतियां दीं। अपने संबोधन में पं. राजेश शर्मा ने कहा कि भगवान विष्णु के वरदान के अनुसार लक्ष्मी का वास वहीं संभव है, जहां पहले से माता सरस्वती का वास हो। विद्या भारती देश की प्रत्येक पीढ़ी के जीवन में संस्कार, शिक्षा और राष्ट्रभक्ति का संचार कर रही है। यह कार्य वर्ष 2047 के विकसित भारत रूपी वट वृक्ष की जड़ों को पोषित करने जैसा है।

कार्यक्रम में जितेंद्र यदु, घनश्याम साहू, तेजराम साहू, हंसराज साहू, लोकेश डागा, विकास शर्मा, सरपंच धनेश्वरी यादव सहित संघ परिवार, विद्या भारती के पदाधिकारी, नवीन प्रशिक्षित आचार्य, छात्र-छात्राएं, वरिष्ठ ग्रामीण उपस्थित थे।





# महापौर के नियंत्रण से बाहर निगम : कांग्रेस पार्षद



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि सभापति के गाड़ी छीने जाने का विवाद अभी थमा ही नहीं था कि अब लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी का नाम पत्थरों से गायब हो जाने का मामला तूल पकड़ लिया है। इस पर कांग्रेस के पार्षदों ने कहा है कि भाजपा सरकार में ही भाजपा की जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारियों के सामने बेबस और लाचार हैं

उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पार्षद योगेश लाल, सुमन मेश्राम ने कहा कि महापौर निगम सम्हाल नहीं पा रहे हैं। नैतिकता के आधार पर उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। देश में मोदी जी की सरकार, राज्य में विष्णुदेव साय की सरकार, निगम में रामू रोहरा की सरकार कहने को तो ट्रिपल इंजन की सरकार है लेकिन ये सरकार पूरी तरह फेल है।

पार्षद सूरज गहरवाल, पूर्णिमा रजक, उमा भागी ध्रुव ने कहा कि महापौर सस्ती लोकप्रियता के लिए अधिकार क्षेत्रों के बाहर हस्तक्षेप करते हैं। निगम के दायित्वों को छोड़ संगठन के कार्यों के लिए अक्सर धमतरी से बाहर रहते हैं।

पार्षद रामेश्वरी कोसरे ने कहा कि खपरी बस स्टैंड, रत्नाबांधा से मुजगहन रोड चौड़ीकरण कार्य सहित धमतरी में होने वाले विकास कार्यों का श्रेय क्षेत्र के विधायक ओंकार साहू को जाता है तभी प्रशासन ने आईना दिखाते हुए महापौर का नाम शिलालेख पट्टिका में नहीं रखा है।

# विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रबुद्ध जन जनसंपर्क अभियान अंतर्गत भोथली मंडल में व्यापक जनसंपर्क किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा ने भोथली मंडल के ग्राम सांकरा, भोथली, नवागांव एवं कंडेल का दौरा कर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्धजनों से आत्मीय मुलाकात की।

जनसंपर्क अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले प्रबुद्ध जनों को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों के दौरान राष्ट्र निर्माण, सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक कार्यों की जानकारी साझा की गई ।

इस अभियान में आनन्द स्वरूप मेश्राम महामंत्री, भूमिका कोर्राम उपाध्यक्ष, दिलीप सेन जनपद सदस्य, दिनेश्वरी साहू जनपद सदस्य, गिरधर सार्वा कोषाध्यक्ष, पूर्णिमा बनपेला मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा, कामेश्वरी साहू महामंत्री महिला मोर्चा, गिरीश साहू मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा, तुषार साहू महामंत्री, युवा मोर्चा, सोनाराम साहू अध्यक्ष सहकारी समिति, पालकेश्वर साहू, मानिकलाल साहू, ओंकार नेताम, लोकेंद्र ढीमर, पदुमन नागरची हेमूराम, द्वारिका साहू बूथ अध्यक्ष नवागांव, नमिता साहू तथा अंगेश्वर साहू, सचिन्द्रनाथ सोनवानी, हुलासराम साहू, गिरधार सेन, गिरिराज ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, भीखम सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

# श्री हवेली में धार्मिक मनोरथ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री हवेली में शुक्रवार एवं शनिवार को विभिन्न धार्मिक मनोरथ का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वैष्णव श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्री ठाकोरजी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

शुक्रवार को सखी ग्रुप के तत्वावधान में ब्रज दर्शन मनोरथ आयोजित किया गया। वहीं शनिवार को श्री कृष्ण भादरवा एवं श्री महाप्रभुजी प्राकट्य उत्सव मनोरथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हवेली परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन में सहभागिता निभाई।



शनिवार के मनोरथ के प्रमुख मनोरथी अर्जुन विशाल मेहता अमेरिका निवासी, गं.स्व. प्रतिमाबेन प्रवीण शाह धमतरी, श्रीमती मीना ईश्वरी गुप्ता तथा गं.स्व. डाहीबेन रतीलाल मेहता (इडर अहमदाबाद) रहे। दोनों दिन शाम 6:45 बजे से 7:45 बजे तक दर्शन का आयोजन किया गया।

# दानू बने रांवा मंडल युवा मोर्चा उपाध्यक्ष



**धमतरी।** ग्राम रांवा निवासी दानू साहू को भारतीय जनता युवा मोर्चा रावा मंडल का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस उपलब्धि पर जिलाध्यक्ष भाजयुमो शुभांक मिश्रा, रांवा मंडल अध्यक्ष अमन राव, मंडल उपाध्यक्ष नामदेव राय, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, केशव साहू अध्यक्ष सहकारी समिति सोसायटी तरसींवा, चंद्रेश चांद सरपंच मड़ाईभाठा, गजेंद्र पटेल, योगेश साहू, गिरवर साहू, मनीष साहू, भूपेंद्र नेताम, लक्की बंजारे, मोंटू विश्वकर्मा ने हर्ष जताया है।

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रुद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे, कर्मा चौक
धमतरी, मो.नं. 98264-32896

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020